**SET-4**

**Series BVM**

कोड नं.
Code No. **71**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **8** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **4** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **8** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# चित्रकला (सैद्धान्तिक)

## (भारतीय कला का इतिहास)

# PAINTING (Theory)

## (HISTORY OF INDIAN ART)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 40*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 40*

*सामान्य निर्देश :*

(i) ***सभी आठ*** *प्रश्न अनिवार्य हैं, जिनके अंक समान हैं ।*

(ii) *प्रश्न संख्या* ***1*** *व* ***2*** *का प्रत्येक उत्तर लगभग* ***200*** *शब्दों में तथा प्रश्न संख्या* ***3, 4*** *व* ***5*** *का प्रत्येक उत्तर लगभग* ***100*** *शब्दों में लिखिए । प्रश्न संख्या* ***6, 7*** *व* ***8*** *वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं ।*

***General Instructions :***

(i) ***All*** *the* ***eight*** *questions are compulsory, which carry equal marks.*

(ii) *Answers to be written for question nos.* ***1*** *and* ***2*** *in about* ***200*** *words each and for question nos.* ***3, 4*** *and* ***5*** *in about* ***100*** *words each. Question nos.* ***6, 7*** *and* ***8*** *are objective type.*

**1.** भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के क्रमविकास तथा इसके वर्तमान स्वरूप में प्रयुक्त आकारों एवं रंगों के प्रतीकात्मक महत्त्व का वर्णन कीजिए । *5*

Describe the evolution of the Indian National Flag and the symbolic significance of the forms and colours used in its present form.

**2.** अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित निम्नलिखित लघु-चित्रों में से ***किसी एक*** का सौंदर्य-विवेचन यथाविधि इसके (i) चित्रकार/उप-शैली का नाम, (ii) माध्यम एवं तकनीक, (iii) विषय-वस्तु तथा (iv) संयोजन के आधार पर कीजिए : *5*

(अ) *गोवर्धनधारी कृष्ण* (मुग़ल शैली)

**अथवा**

(ब) *हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया और अमीर खुसरो* (दक्खिनी शैली)

Appreciate ***any*** of the following miniature-paintings included in your course of study, duly based on its (i) Name of the painter/Sub-School, (ii) Medium & technique, (iii) Subject-matter, and (iv) Composition :

(a) *Krishna Lifting Mount Govardhana* (Mughal School)

**OR**

(b) *Hazrat Nizamuddin Aulia and Amir Khusro* (Deccani School)

**3.** समकालीन (आधुनिक) भारतीय कला की निम्नलिखित कलाकृतियों में से ***किसी एक*** में किन *मानवीय जीवन-मूल्यों तथा मनोभावों* को दर्शाया गया है ? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए : *5*

(अ) *गिद्ध* (कमलेश दत्त पांडे द्वारा रचित चित्र)

**अथवा**

(ब) *दीवारों से सरोकार* (अनुपम सूद द्वारा रचित छापा-चित्र)

**अथवा**

(स) *चतुर्मुखी* (एक्का यादागिरि राव द्वारा रचित मूर्ति-शिल्प)

Which are the *human life-values and emotions* shown in ***any*** of the following artworks of Contemporary (Modern) Indian Art ? Explain briefly :

(a) *The Vulture* (a painting done by Kamlesh Dutt Pande)

**OR**

(b) *Of Walls* (a graphic-print done by Anupam Sud)

**OR**

(c) *Chatturmukhi* (a sculpture done by Aekka Yadagiri Rao)

**4.** निम्नलिखित लघु-चित्रों में से ***किसी एक*** के सौंदर्य-वैभव का मूल्यांकन यथाविधि सौंदर्य-मापदण्डों के आधार पर कीजिए : *5*

(अ) *मारू-रागिनी* (राजस्थानी शैली)

**अथवा**

(ब) *शिव का ब्रह्माण्डीय (दिव्य) नृत्य* (पहाड़ी शैली)

Evaluate the aesthetic-grandeur of ***any*** of the following miniature-paintings duly based on aesthetic-parameters :

(a) *Maru-Ragini* (Rajasthani School)

**OR**

(b) *Cosmic Dance of Shiva* (Pahari School)

**5.** अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित ***किसी एक*** *संबद्ध चित्र की पहचान कीजिए,* जिसमें निम्नलिखित विशेषताएँ समाविष्ट हों और उन्हें उस चित्र में तदनुसार समझाइए : *5*

(अ) मुग़ल लघु-चित्रों में भीड़-भाड़ वाले दृश्यों का संयोजन करने की प्रवृत्ति, जिसमें बहुत से रूपाकारों एवं आकृतियों को सम्मिलित किया गया है ।

**अथवा**

(ब) दक्खिनी लघु-चित्रों में दृश्यात्मक पृष्ठभूमि का विशिष्ट दक्खिनी पहाड़ियों के साथ प्रस्तुतीकरण ।

*Identify* ***any*** *relevant painting* included in your course of study, comprising of the following features and explain them in that painting accordingly :

(a) The tendency of composing crowded scenes involving too many forms and figures in the Mughal miniature-paintings.

**OR**

(b) The representation of the landscapic background with typical Deccani hills in the Deccani miniature-paintings.

**6.** अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित बंगाल शैली के निम्नलिखित चित्रों में से प्रत्येक के *कलाकार का नाम* बताइए : 5

(अ) *यात्रा का अन्त*

(ब) *शिव और सती*

(स) *मेघदूत*

(द) *अर्जुन का युद्ध से विरक्त होना*

(य) *राधिका*

Mention the *name of the artist* of each of the following paintings of the Bengal School included in your course of study :

(a) *Journey's End*

(b) *Shiva and Sati*

(c) *Meghdoot*

(d) *Arjuna Detach From War*

(e) *Radhika*

**7.** अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित समकालीन (आधुनिक) भारतीय कला के *किन्हीं तीन चित्रों, एक छापा-चित्र तथा एक मूर्ति-शिल्प के शीर्षक* (प्रश्न संख्या 3 में उल्लिखित के अतिरिक्त) बताइए । 5

Mention the *titles of any three paintings, a graphic-print and a sculpture* of the Contemporary (Modern) Indian Art included in your course of study (except those mentioned in question no. 3).

**8.** अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित *राजस्थानी लघु-चित्र शैली की किन्हीं तीन तथा पहाड़ी लघु-चित्र शैली की किन्हीं दो उप-शैलियों के नाम* बताइए, जिन्हें आप सर्वाधिक पसन्द करते हैं । 5

Mention the *names of any three sub-schools of the Rajasthani School of Miniature Painting and two of the Pahari School of Miniature Painting* included in your course of study, which you like the most.